## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस : जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 4 मार्च पर आम जनता से कहा है कि जीवन अमूल्य है, इसकी रक्षा करना सबका कर्तव्य है। देश और समाज में हमें एक दूसरे की सुरक्षा को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। जीवन के इस महत्व को जानने, समझने और बचाव के लिए हम राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाते हैं। श्री बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना और दुर्घटनाओं को रोकना है। इस सुरक्षा में स्वास्थ्य और पर्यावरण सहित शारीरिक सुरक्षा भी शामिल हैं। श्री बघेल ने कहा कि इस दिन हमें उन जवानों को भी नमन करना चाहिए जो अपना जीवन दांव पर लगाकर हमारी सुरक्षा करते हैं।

### नजूल भूमि पट्टों का फ्री होल्ड करने नगरों में शिविर

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व विभाग ने नगरीय क्षेत्रों में रियायती और गैर रियायती स्थायी पट्टे पर प्राप्त नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने के लिए नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डो में शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टरों को दिये गये है। इसी तरह से नगरीय क्षेत्रों में भूमि के आबंटन, व्यवस्थापन, पट्टों का नवीनीकरण और पट्टों की भूमि का अधिकार प्रदान करने तथा पट्टेदार द्वारा निर्धारित वार्षिक भू-भाटक की राशि 15 वर्ष की एक मुश्त भुगतान करने पर आगामी 15 वर्षो तक का भू-भाटक से छूट प्रदान की जाएगी। इस संबंध में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि नगरों के वार्डो में शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर लोगों को जानकारी प्रदान की जाए जिससे शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ हितग्राहियों को मिले।

### शराब पीने से मना करने पर पति ने दी पत्नी को जान से मारने की धमकी

**रायपुर (आरएनएस)।** शराब पीने के लिए पैसा मांगे जाने पर सुरेंद्र श्रीवास निवासी बीएसयूपी कालोनी सरोना डीडी नगर को उनकी पत्नी श्रीमती उमा श्रीवास द्वारा मना करने पर सुरेंद्र ने अपनी पत्नी उमा की डंडे से जमकर पिटाई की। गाली गलौज के साथ ही आरोपी ने पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में डीडी नगर थाने ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294 एवं 506 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### बाजार में खड़ी टीवीएस एक्सल मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** बाजार में खड़ी टीवीएस एक्सल मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार माना कैंप रायपुर निवासी गणेश मजुमदार 36 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 जनवरी को ग्राम जोरा बाजार तेलीबांधा में प्रार्थी ने अपनी टीव्हीएक्सल क्रमांक सीजी 04 एलवाय 6839 को खड़ी किया था। किसी ने मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### शराबी पति की प्रताड़ना से विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

» मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करने की घटनाएं लगातार बढ़ते जा रही है। शराब घरों में तनाव पैदा करने का काम कर रही है। खमतराई थाने से मिली जानकारी के अनुसार कंचन शुक्ला पति अतुल शुक्ला आयु 34 वर्ष पिता उमेश कुमार शुक्ला निवासी धनलक्ष्मी नगर भनपुरी खमतराई द्वारा अपनी पत्नी को शराब पीकर आये दिन मानसिक प्रताड़ना के साथ ही मारपीट कर शारीरिक प्रताड़ना दी जाती थी। पत्नी कंचन शुक्ला द्वारा अनेकों बार अपने पति को शराब नहीं पीने की हिदायत देने के बावजूद भी अतुल शुक्ला के व्यवहार में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ जिसके चलते कंचन शुक्ला ने अपने आवास में गले में दुपट्टा लपेटकर पंखे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त मामले में मृतिका के पिता गोमती प्रसाद मिश्रा आयु 56 वर्ष पिता स्व. शंकर प्रसाद मिश्रा, मृतिका की माता रमा मिश्रा एवं भाई आदर्श मिश्रा ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वित्त मंत्री के रूप में प्रस्तुत किया दूसरा बजट

## » किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना -5100 करोड़ रूपए का प्रावधान

» किसानों को मिलेगी समर्थन मूल्य के अंतर की राशि

» दो वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियों का 1 जुलाई 2020 से संविलियन

» वर्ष 2020-21 के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2020-21 का बजट प्रस्तुत किया। श्री बघेल ने कहा कि यह संजीवनी बजट है। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था के लिए, गांवों और किसानों के लिए, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और आम जनता से लेकर हर वर्ग के लिए यह बजट संजीवनी बजट साबित होगा। बजट में विगत वर्ष के प्रावधानों को जारी रखा गया है और नये प्रावधान भी किए गए हैं। बजट मुख्य रूप से गढ़बो नवा छत्तीसगढ़-स्वस्थ एवं सुपोषित नई युवा पीढ़ी के निर्माण की भावना के साथ सुपोषण, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी एवं विस्तार तथा युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक एवं उत्पादक रूप में उपयोग कर उनको राज्य के सशक्त संसाधन के रूप में विकसित करने पर केन्द्रित है। बजट में कोई भी नया कर प्रावधान नही किया गया है।

1. माननीय अध्यक्ष महोदय, आज मैं सदन के समक्ष अपनी सरकार के दूसरे बजट का भाषण निम्न पंक्तियों के साथ शुरू करता हूँ

**सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः,**

**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःख भाग्भवेत।।**

2. आधुनिकता तथा परम्परा का साम्य हमारे विकास का बुनियादी दर्शन है। यही कारण है कि हमारे विकास के मॉडल में यदि हम राज्य के नदी-नालों, धरती-जंगल और तीज-त्यौहारों को शामिल करते हैं तो दूसरी ओर किसानों के खातों को अपडेट करने के लिये जियो-रिफरेंशिंग जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हैं।

3. हमारा विकास का मॉडल समावेशी भी है। विकास की योजनाओं का लाभ समाज के सबसे कमजोर लोगों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इसीलिये हम कर्ज से दबे किसानों और गरीबी के कारण कुपोषित महिलाओं और बच्चों के विकास की योजनाएं बनाते हैं।

4. चिन्ता का विषय है कि राज्य बनने के 19 वर्षो के बाद भी हमारी महिलाओं और बच्चों के कुपोषण की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। राज्य के सुदूर ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी स्लम में रहने वाले परिवारों को हमने कुपोषण और बीमारियों से प्रतिदिन लड़ते देखा है।

## रंग-गुलाल की मांग बढ़ी : चाइना रंग-गुलाल-पिचकारियों से व्यापारियों का परहेज

**रायपुर (आरएनएस)।** रंगों के त्योहार होली को अब महज सप्ताह भर का समय शेष रह गया है। राजधानी के मालवीय रोड, गोलबाजार, बंजारी रोड स्थित होली सामग्रियों के थोक दुकानों में फुटकर व्यापार तेज हो गया है।



राजधानी के थोक बाजार में होली की खुमारी अब चढ़नी शुरू हो ग ई है। शहर के मालवीय रोड, गोलबाजार, बंजारी मंदिर क्षेत्र स्थित थोक दुकानों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजकर तैयार हैं और यहां फुटकर व्यापारियों ने खरीददारी भी शुरू कर दी है।

शहर में रंग-गुलाल और पिचकारियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों के अनुसार होली में महज सप्ताह भर का समय शेष रह गया है। ऐसे में फुटकर व्यापारियों के लिए यही सही समय होता है, जब वो खरीददारी कर सकें। हालांकि होली सामग्रियों की थोक में खरीददारी होली के पखवाड़े भर पहले शुरू हो जाती है। लेकिन अधिकांश फुटकर व्यापारी होली पर्व के सप्ताह भर पहले से ही खरीददारी शुरू करते हैं। लिहाजा थोक व्यापारियों के यहां से अब फुटकर व्यापारी लगातार माल उठा रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी होली सामग्रियों के थोक व्यापारी चाइना मेड पिचकारी और अन्य वस्तुएं रखने से परहेज कर रहे हैं। थोक व्यापारियों के अनुसार पिछले वर्ष भी अधिकांश व्यापारी चाइना मेड रंग-गुलाल और पिचकारियों के विक्रय से परहेज कर रहे थे, इस वर्ष भी यही ट्रेंड हैं। स्वदेशी रंग-गुलाल को सभी व्यापारी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी हर्बल गुलाल की डिमांड बनी हुई है।

## नाबालिक से दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में नाबालिग लड़की के अपहरण के बाद दुष्कर्म के आरोप में मनकू मरकाम, अंकित कश्यप और रवि मरकाम तीनों आरोपी निवासी गीदम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बचेली में नाबालिग लड़की के अपहरण की रिपोर्ट 01 मार्च को नाबालिग लड़की के परिजनों ने दर्ज करवाया था, मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसडीओपी देवांश सिंह राठौर किरंदुल के नेतृत्व में उप निरीक्षण प्रवीण चौहान एवं थाना बचेली की एक विशेष टीम गठित की गई, साथ ही साइबर सेल दंतेवाड़ा की मदद से कॉल लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों का पता लगाकर पुलिस की टीम नाबालिग की बरामदगी के साथ ही तीनों आरोपियों को 02 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया। अपहरित नाबालिक ने मनकू मरकाम, अंकित कश्यप और रवि मरकाम निवासी गीदम पर अनाचार का आरोप लगाया है। तीनों पर अपराध क्रमांक 14/2020 धारा 363,376,34 भादवि 04,06 पास्को एकट के तहत न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा दिया गया।

### बस-बाइक भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**सुकमा (आरएनएस)।** सुकमा-जगदलपुर नेशलन हाइवे 30 पर तोंगपाल के आगे झीरम के पास सोमवार शाम लगभग 6 बजे बस और बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक युवक गंगाराम की मौत हो गई।



जबकि बाइक के पीछे बैठा मृत युवक का भाई आमसु गंभीर रूप से घायल हो गया। बस सुकमा से जगदलपुर की ओर जा रही थी। घायल युवक को मेकाज रेफर कर दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ सरकार का बजट-किसानों के साथ-साथ गरीबों, पिछड़ों, श्रमिकों के विकास का बजट- मंत्री डॉ. शिव डहरिया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि यह बजट प्रदेशवासियों के लिए विकासपरक और काफी राहत देने वाला है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत इस बजट में किसानों के साथ-साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के गरीबों, पिछड़ों, श्रमिकों सहित सभी के लिए विकास और सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।



मंत्री डॉ. डहरिया ने प्रतिक्रिया में कहा कि बजट में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। यह बजट सामाजिक समरसता के साथ सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी हैं। प्रदेश के 65 लाख 22 हजार राशन कार्डधारी परिवारों को अनाज उपलब्ध कराने के लिए तीन हजार 410 करोड़ का बजट प्रावधान प्रंशसनीय है। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में पौष्टिक आहार के लिए प्रति परिवार दो किलो चना के लिए 171 करोड़ तथा बस्तर संभाग में दो किलो गुड़ वितरण करने के लिए 50 करोड़ का बजट प्रावधानित किया गया है।

श्रम मंत्री डॉ. डहरिया ने श्रम विभाग के बजट पर कहा कि प्रदेश के असंगठित श्रमिकों के सुरक्षा एवं कल्याण के लिए 38 करोड़ और ठेका मजदूर, घरेलू कामकाजी महिलाओं एवं हम्मालों के कल्याण के लिए 15 करोड़ का बजट प्रावधान सराहनीय कदम है।

मंत्री डॉ. डहरिया ने मुख्यमंत्री द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लिए प्रस्तुत बजट पर कहा कि श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के ग्रामीणों के साथ-साथ शहरी लोगों के लिए उदारता प्रकट किया हैं।

## डिजिटल साक्षर बनने पर महिलाओं में खुशी की लहर

**रायपुर।** डिजिटल साक्षर बनने अस्पताल से छुट्टी लेकर रामेश्वरी बाई पहुंची परीक्षा देनेमुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम 'गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ' के तहत नगरीय क्षेत्र के 14 से 60 आयु वर्ग के महिला-पुरूष डिजिटल निरक्षरों को डिजिटल साक्षर किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत नारायणपुर जिले के ई-साक्षरता केंद्रों में ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन परीक्षा आयोजित किया गया। बाह्य मूल्याकन परीक्षा में एक ही परिवार के भाभी, देवर और ननंद शामिल हुए। वहीं डिजिटल साक्षर होने के लिए महिलाओं में भी उत्साह देखने को मिला। जिसमें श्रीमती रामेश्वरी बाई जिनकी तबीयत खराब होने के बावजूद उन्होंने अस्पताल से छुट्टी लेकर परीक्षा दी और सफलता हासिल की। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता के पाठ्यक्रम पर आधारित ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन परीक्षा में 69 प्रशिक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की और छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



शहरी क्षेत्र के निर्धारित संख्या में पुरूष-महिला डिजिटल निरक्षरों को प्रत्येक माह डिजिटल उपकरणों, मोबाइल, इंटरनेट, ऑनलाईन मोबाइल सेवा, सोशल नेटवर्किंग इत्यादि के परिचालन के बारे में बताया जाता है। इसके अलावा वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, निर्वाचन साक्षरता, जनस्वास्थ्य, जीवन कौशल, जनकल्याणकारी विषयों पर शिक्षार्थियों को जागरूक बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

## बस्तर की चार सिंचाई योजनाओं के लिए छह करोड़ रूपए से ज्यादा स्वीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन ने बस्तर एवं कोण्डागांव जिले की दो-दो सिंचाई योजनाओं के कार्यो के लिए छह करोड़ 35 लाख 96 हजार रूपए स्वीकृत किए है।

स्वीकृत योजनाओं में बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर की भानसागर जलाशय के बांध के कार्यो के लिए दो करोड़ पांच लाख 61 हजार रूपए स्वीकृत किए है। इन प्रस्तावित कार्यो के पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र में 153 हेक्टेयर से अधिक रकबे में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा हो जाएगी। विकासखण्ड बस्तर की भोंड जलाशय के मरम्मत एवं लाईनिंग कार्य के लिए एक करोड़ 16 लाख तीन हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

इन कार्यो के पूर्ण हो जाने पर 47 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड फरसगांव की जुगानी जलाशय के मरम्मत कार्यो के लिए एक करोड़ 32 लाख रूपए और चिंगनार जलाशय के मरम्मत कार्यो के लिए एक करोड़ 82 लाख 19 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

## राज्यपाल को गोंडवाना समाज समन्वय समिति बस्तर संभाग के सामाजिक महासभा के लिए किया आमंत्रित

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में पूर्व सांसद श्री सोहन पोटाई के नेतृत्व में बस्तर गोंडवाना समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को बस्तर संभाग गोंडवाना समाज समन्वय समिति द्वारा आगामी अप्रैल माह में बीजापुर में आयोजित होने वाले सामाजिक महासभा के लिए आमंत्रित किया।



प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी समाज की विभिन्न समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट भी किया। राज्यपाल उइके ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहा कि आदिवासी समाज के लोग बहुत भोले-भाले होते हैं, उन्हें जागरूक करें और उनके अधिकारों को उन्हें दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थिति में आदिवासियों के सामाजिक एवं आर्थिक आदि विषयों के परिप्रेक्ष्य में समाज के लोग संगठित रहें। राज्यपाल ने कहा कि बस्तर के अंदरूनी क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कराने स्थानीय लोगों को पेटी कांन्ट्रेक्ट पर दिया जा सके इसके लिए स्थानीय लोग अपना संबंधित विभाग में पंजीयन कराने की कार्यवाही कर लें।

## विधायक विकास उपाध्याय के साथ रायपुर पश्चिम में स्मार्ट सुविधाओं के लिए हुआ निरीक्षण



**रायपुर (आरएनएस)।** विधायक विकास उपाध्याय और रायपुर स्मार्ट सिटी के एम.डी. सौरभ कुमार के साथ तकनीकी अधिकारियों ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निरीक्षण भ्रमण के दौरान विभिन्न तालाबों, उद्यानों, कॉलोनियों और स्कूल परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने तालाबों के सौंदर्यीकरण, शुद्धिकरण, आवश्यक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही विद्यालयों के उन्नयन पर भी जोर दिया है। इस दौरान जी.एम. तकनीकी एस-के- सुंदरानी-मैनेजर सिविल सहित संबंधित क्षेत्र के पार्षद भी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान शीतला तालाब के पानी के ट्रीटमेंट और सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अलावा गाझि तालाब के वाटर रिचार्जिंग व सौंदर्यीकरण के साथ ही तालाब के सामने के क्षेत्र को पहुंच मार्ग के रूप में विकसित करने निर्देशित किया गया।

तालाबों के निरीक्षण के बाद पूरा अमला टाटीबंध गुरुद्वारा के पास डेवलप हो रहे गार्डन का निरीक्षण करने पहुंचा। इस अवसर पर गार्डन के निरीक्षण के दौरान आसपास के लोग भी शामिल हुए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपाध्याय ने कहा कि गार्डन के सामने के हिस्से को बढ़ाकर सड़क तक लाया जाए व ग्रील, लाईटिंग व लैंड स्केपिंग से खूबसूरती में निखार लाने पर जोर दिया जाए। इसके बाद पूरा अमला शहीद भगत सिंह वार्ड टाटीबंध के ढांचा भवन क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचा।

## छत्तीसगढ़ का बजट सभी वर्गो के लिए संजीवनी की तरह- भेंड़िया

» बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए बजट में प्रावधान

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने छत्तीसगढ़ के वार्षिक बजट 2020-21 को सभी वर्गो के लिए संजीवनी की तरह बताया है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को समावेशी बजट दिया है, जिसमें बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक सभी का ध्यान रखा गया है। बजट में दिव्यांगजन और तृतीय लिंग वर्ग के लोगों के लिए भी प्रावधान किया गया है। श्रीमती भेंड़िया ने सर्वहारा वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जन घोषणा पत्र में किया गया वादा निभाते हुए दो वर्ष पूरा कर चुके शिक्षाकर्मियों के संविलियन का प्रावधान भी बजट में किया है। वार्षिक बजट स्वस्थ एवं सुपोषित नई युवा पीढ़ी के निर्माण की संकल्पना पर आधारित है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने सुपोषण योजना के लिए 60 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की ऊचांई, लंबाई एवं भार मापक यंत्रों की व्यवस्था के लिए 25 करोड़ रूपए का प्रावधान किया। विशेष पोषण आहार योजना के लिए 766 करोड़ और महतारी जतन योजना में 31 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।



SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्त विरले पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU